14/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने इटली के अपुलिया पहुचें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कई देशों के प्रमुखों से द्विपक्षीय बैठके की। श्री मोदी ने आज दोपहर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने रक्षा, परमाणु, अंतरिक्ष, शिक्षा, जलवायु क्षेत्र में कार्रवाई, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, कनेक्टिविटी और संस्कृति के क्षेत्र में अपनी साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। वे **'मेक इन इंडिया'** पर अधिक ध्यान केंद्रित करने  के साथ रणनीतिक रक्षा सहयोग को और तेज करने पर सहमत हुए। दोनों नेताओं ने अगले साल फ्रांस में आयोजित होने वाले आगामी एआई शिखर सम्मेलन और संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन के संदर्भ में मिलकर काम करते हुए एआई, उभरती हुयी प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा और खेल के क्षेत्र में सहयोग का विस्तार करने पर भी सहमती प्रकट की।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक स्थिर और समृद्ध वैश्विक व्यवस्था के लिए भारत और फ्रांस के बीच एक मजबूत और भरोसेमंद रणनीतिक साझेदारी जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति मैक्रों को आगामी पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस दौरान श्री मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से भी मुलाकात की।

0000000000000000

8वीं अरुणाचल प्रदेश विधान सभा के प्रोटेम स्पीकर ने आज सदन के एक विशेष सत्र के दौरान राज्य विधान सभा के सभी नवनिर्वाचित विधायकों को प्रतिज्ञान की शपथ दिलाई। सदन कल 8वीं राज्य विधानसभा के लिए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव करेगा। इससे पहले, सदन के वरिष्ठ सदस्यों में से एक, निनोंग एरिंग को कल ईटानगर के राजभवन के विवेकानंद हॉल में एक आधिकारिक समारोह में विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड केटी परनाईक द्वारा शपथ दिलाई गई। विधानसभा द्वारा स्पीकर चुने जाने तक एरिंग प्रोटेम स्पीकर के पद के कर्तव्यों का पालन करेंगे।

0000000000000000

उच्चतम न्यायालय ने आज नीट-यूजी परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक और अन्य अनियमितताओं के आरोपों की केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए से जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने मुकदमेबाजी से बचने के लिए नीट-यूजी विवाद पर विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग करने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की याचिका पर निजी पक्षों को भी नोटिस जारी किया। उच्चतम न्यायालय के आदेश के जवाब में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज कहा कि केंद्र सरकार NEET परीक्षार्थियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री प्रधान ने कहा कि नीट परीक्षा से जुड़े तथ्य सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में हैं।

उन्होंने छात्रों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी चिंताओं को निष्पक्षता और समानता के साथ संबोधित किया जाएगा और किसी भी छात्र को नुकसान नहीं होगा।

0000000000000000

कैबिनेट मंत्री जुएल ओराम ने आज नई दिल्ली में जनजातीय मामलों के मंत्रालय का कार्यभार संभाला। इसके बाद श्री ओराम ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीसरी बार मंत्रालय का नेतृत्व करना सम्मान की बात है। श्री ओराम ने आदिवासियों की बुनियादी जरूरतों के बारे में कहा कि मंत्रालय की प्राथमिकता आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के नेटवर्क को मजबूत करना और स्वास्थ्य क्षेत्र को बढ़ावा देना है।

0000000000000000

गुवाहाटी उच्च न्यायालय की ईटानगर स्थायी पीठ ने बुधवार को बताया कि गर्मी की छुट्टियों के कारण अदालत आगामी 2 जुलाई से 12 जुलाई तक बंद रहेगी। एक आधिकारिक अधिसूचना में, अदालत ने आगे बताया कि जनता को असुविधा से बचने के लिए अधिकारी और कर्मचारी रोस्टर व्यवस्था के तहत कार्यालय में उपस्थित होंगे।

0000000000000000

भारतीय सेना, तवांग की गजराज कोर्प्स ने सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जांग को कुल 400 किताबें दान कीं। किताबें छात्रों की विभिन्न रुचियों और शैक्षणिक गतिविधियों को पूरा करने वाले विविध विषयों को कवर करती हैं।

इसके अतिरिक्त, कोर्प्स ने व्यवस्थित संगठन और इन संसाधनों की आसान पहुंच सुनिश्चित करने, एक कुशल सीखने के अनुभव की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आठ बुकशेल्फ़, एक मेज और कुर्सी के साथ एक कंप्यूटर और स्टैंड के साथ आठ टैबलेट भी दान किए। भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सद्भावना के तहत निरंतर प्रयास जारी है जिसका उद्देश्य संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में सद्भावना और विकास को बढ़ावा देना है।

00000000000000000

सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने हाल ही में हुई भीषण वर्षा की आपदा पर विचार करने के लिए गंगटोक के मिंटोकगांग में एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस आपदा से संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे सड़क संपर्क, बिजली, खाद्य आपूर्ति और मोबाइल नेटवर्क बाधित हुआ है।बैठक में अधिकारियों ने मूसलाधार वर्षा से हुई क्षति के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जिसमें आवश्यक आपूर्ति वितरण सहित तत्काल राहत उपायों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बहाली के प्रयासों में तेज़ी लाने और महत्वपूर्ण मुद्दों को प्राथमिकता देने के लिए प्रभावित क्षेत्रों का लगातार आकलन करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनता से सतर्क रहने, सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करने और संकट से उबरने के लिए अधिकारियों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण विकास विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में आपदा-संबंधी आपात स्थितियों के लिए एक हेल्पलाइन नम्बर 76026-73187 शुरू की है।

पर्यटन और नागरिक उड्डयन विभाग के प्रधान सचिव सी.एस. राव ने पुष्टि की है कि सड़क अवरोधों के कारण उत्तरी सिक्किम के लाचुंग में फंसे 1200 घरेलू और 15 विदेशी पर्यटक सुरक्षित हैं।

0000000000000000